| |
|---|
| दिनांक 16.06.2024 |
| प्रेस विज्ञप्ति 20/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## कमिश्नेरट आगरा/थाना डौकी

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 16.06.2024 को थाना डौकी व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाजिदपुर अण्डरपास के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त भूरा उर्फ भूरे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट आगरा के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना डौकी पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना डौकी पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—भूरा उर्फ भूरे निवासी विजयगढ़ी थाना पिढ़ौरा कमिश्नरेट आगरा।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद हापुड़/थाना सिम्भावली

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 16.06.2024 को थाना सिम्भावली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दत्तियाना पार्क के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त वरूण को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद हापुड़, मेरठ के विभिन्न थानो में हत्या, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 05 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिम्भावली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—वरूण निवासी ग्राम पुठी थाना परिक्षितगढ जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

**जनपद कौशाम्बी/थाना सैनी/थाना मंझनपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 01 लाख 82 हजार रूपये नगद**
- **लूट के सोने के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 15.06.2024 को थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर समदा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त एजाज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के क्रम में अभियुक्त एजाज की निशादेही पर थाना मंझनपुर व थाना करारी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम ओसा के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त फैयाज घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 01 लाख 82 हजार रूपये नगद, लूट के सोने के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.06.2024 को थाना सैनी व दिनांक 30.05.2024 को थाना मंझनपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सैनी व थाना मंझनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण लूट की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सैनी व थाना मंझनपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–एजाज निवासी समदा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी।

2–फैयाज निवासी तुर्तीपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–लूट के 01 लाख 82 हजार रूपये नगद।

2–लूट के सोने के आभूषण।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–01 मोटर साइकिल।

## जनपद कन्नौज/थाना कोतवाली कन्नौज

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 49 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 02 मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 15.06.2024 को थाना को0कन्नौज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सरीफापुर मोड़ कब्रिस्तान के पास से 04 अभियुक्तों 1–सुजीत

उर्फ बऊआ 2–रौशन उर्फ हैप्पी लाल 3–प्रदीप 4–गौरव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 49 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 02 मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त सुजीत उर्फ बऊआ के विरूद्ध जनपद कन्नौज, औरैया, इटावा, कानपुर देहात के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 22 अभियोग, अभियुक्त प्रदीप के विरूद्ध जनपद औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 12 अभियोग एवं अभियुक्त रौशन उर्फ हैप्पी लाल के विरूद्ध जनपद कन्नौज, इटावा के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना को0कन्नौज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सुजीत उर्फ बऊआ निवासी अलाउद्दीनपुर मकरन्दनगर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज।

2–रौशन उर्फ हैप्पी लाल निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

3–प्रदीप निवासी मंडी बाजार थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

4–गौरव निवासी सुभाष नगर थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1–चोरी के 49 हजार रूपये नगद।

2–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

3–चोरी के 02 मोबाइल फोन आदि।

## जनपद हापुड़/थाना पिलखुवा

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 48 हजार 800 रूपये नगद बरामद**

दिनांक 16.06.2024 को थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एनएच–9 लाखन अण्डरपास के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अक्षय उर्फ गोलू को

गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के 48 हजार 800 रूपये नगद बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपया चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अक्षय उर्फ गोलू निवासी ग्राम छिजारसी थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।

**बरामदगी**

1—चोरी के 48 हजार 800 रूपये नगद।

**जनपद शाहजहाँपुर/थाना पुवायां**

- **अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा अभियुक्त गिरफ्तार**
- **05 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर**
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद**

दिनांक 16.04.2024 को थाना पुवायां पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जठियापुर पुलिया के पास से अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहे अभियुक्त पप्पू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 05 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना पुवायां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1—पप्पू निवासी राधा विहार कॉलोनी निगोही रोड थाना पुवायां जनपद शाहजहाँपुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1—05 निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचा विभिन्न बोर।

2—अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व पुर्जे आदि।

———————